बरेली । सोमवार । 9 जून

उत्तर प्रदेश
www.amarujala.com

अमर उजाला

हरियाणा । दिल्ली । चंडीगढ़ । पंजाब । उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर

महानगर वर्ष 48 अंक 142, पृष्ठ : 20 मूल्य : तीन रुपये

# विद्यार्थियों ने जाना फोरेंसिक साइंस का महत्व

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में विज्ञान कैम्प इन्सपायर इंटरशिप-2014 का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन दिल्ली विश्वविद्यालय में रसायन विभाग, फारेंसिक साइंस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जीएस सोधी ने फोरेंसिक साइंस का महत्व बताया। कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान का सबसे अच्छा तरीका फिंगर प्रिंट होता है। यही वजह है कि अपराध स्थल से फिंगर प्रिंट लेकर अपराधी की पहचान की कोशिश की जाती है। इस दौरान डॉ. डीके सिन्हा ने छात्रों को पृथ्वी, महासागर और जलवायु के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पृथ्वी के विभिन्न क्षेत्रों में बर्फ के पिघलने और जमने का सिद्धांत समझाया। कार्यक्रम का संचालन अमर प्रताप सिंह ने किया।